मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल डाक परिमंडल, के पत्र क्रमांक 22/153, दिनांक 10-1-06 द्वारा पूर्व भुगतान योजनान्तर्गत डाक व्यय की पूर्व अदायगी डाक द्वारा भेजे जाने के लिए अनुमत.

पंजी. क्रमांक भोपाल डिवीजन
म. प्र.-108-भोपाल-09-11.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 6] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 5 फरवरी 2010—माघ 16, शक 1931

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुरःस्थापित विधेयक,
(ख) (1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 20 जनवरी 2010

क्र. ई. 5-664-आयएएस-लीव-एक-5 .—(1) श्रीमती मधु हाण्डा, आयएएस., आयुक्त-सह-संचालक, भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी तथा पदेन सचिव, आयुष विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग को दिनांक 18 से 23 जनवरी 2010 तक छः दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्रीमती मधु हाण्डा की अवकाश की अवधि में श्री एस. आर. मोहन्ती, आयएएस, सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, आयुक्त-सह-संचालक, भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी तथा पदेन सचिव, आयुष विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग का चालू प्रभार सौंपा जाता है.

(3) इस विभाग के आदेश दिनांक 6 जनवरी 2010 द्वारा श्रीमती विजया श्रीवास्तव, आयएएस., प्रमुख सचिव,मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा एवं आयुष विभाग की दिनांक 18 से 22 जनवरी 2010 तक पांच दिन के अर्जित अवकाश अवधि में उनके पद का चालू प्रभार श्रीमती मधु हाण्डा, आयएएस., आयुक्त-सह-संचालक, भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी तथा पदेन सचिव, आयुष विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग को अपने कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, सौंपा गया था. श्रीमती मधु हाण्डा के अर्जित अवकाश पर जाने के कारण प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा एवं आयुष विभाग के अवकाश अवधि में उनके पद का कार्य श्री एस. आर. मोहन्ती, आयएएस, सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग को सौंपा जाता है.

(4) अवकाश से लौटने पर श्रीमती मधु हाण्डा को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक, स्थानापन्न आयुक्त-सह-संचालक, भारतीय

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2010.

चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी तथा पदेन सचिव, आयुष विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(5) श्रीमती मधु हाण्डा द्वारा आयुक्त-सह-संचालक, भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी तथा पदेन सचिव, आयुष विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री एस. आर. मोहन्ती, आयुक्त सह-संचालक, भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी तथा पदेन सचिव, आयुष विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के चालू प्रभार से मुक्त होंगे.

(6) अवकाश काल में श्रीमती मधु हाण्डा को अवकाश, वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(7) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती मधु हाण्डा अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करती रहतीं.

भोपाल, दिनांक 23 जनवरी 2010

क्र. ई. 1-51-2009-5-एक.—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 9 नवम्बर, 2009 जिसके द्वारा श्री शोभित जैन, भाप्रसे (2000), अपर आयुक्त (राजस्व), रीवा संभाग, रीवा की सेवायें, भारत सरकार, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को निदेशक, जनगणना कार्य, मध्यप्रदेश के पद पर सौंपी गई थीं, एतद्द्वारा निरस्त किया जाकर श्री शोभित जैन को पूर्ववत अपर आयुक्त (राजस्व), रीवा संभाग, रीवा के पद पर पदस्थ किया जाता है.

क्र. ई. 5-562-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्री जे. एन. कांसोटिया, आयएएस, कमिश्नर, नर्मदापुरम् संभाग, होशंगाबाद को दिनांक 5 से 11 फरवरी 2010 तक,सात दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 12, 13 एवं 14 फरवरी 2010 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री जे. एन. कांसोटिया की अवकाश की अवधि में डॉ. पुखराज मारू, आयएएस, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी-सह-कमिश्नर, भोपाल संभाग, भोपाल को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, कमिश्नर, नर्मदापुरम् संभाग, होशंगाबाद का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री जे. एन. कांसोटिया को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न कमिश्नर, नर्मदापुरम् संभाग, होशंगाबाद के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री जे. एन. कांसोटिया, द्वारा कमिश्नर, नर्मदापुरम् संभाग, होशंगाबाद का कार्यभार ग्रहण करने पर डॉ. पुखराज मारू, कमिश्नर, नर्मदापुरम् संभाग, होशंगाबाद के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री जे. एन. कांसोटिया को अवकाश, वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री जे. एन. कांसोटिया, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
राकेश साहनी, मुख्य सचिव.

भोपाल, दिनांक 13 जनवरी 2010

क्र. एफ-19-01-2010-एक-4.—मध्यप्रदेश जलवायु परिवर्तन विषय पर कार्य करने के लिये राज्य शासन द्वारा आदेश क्रमांक एफ-19-143-2007-एक-4, दिनांक 13 नवम्बर 2007 के माध्यम से एप्को को राज्य नोडल इकाई का दायित्व सौंपा गया है. जलवायु परिवर्तन विषय से संबंधित एप्को-यू.एन.डी.पी. परियोजना के सफल संचालन हेतु राज्य शासन द्वारा Project Steering Committee (PSC) का गठन निम्नानुसार किया जाता है :—

1.	मुख्य सचिव	अध्यक्ष
2.	अतिरिक्त मुख्य सचिव, किसान कल्याण एवं कृषि विकास.	सदस्य
3.	अतिरिक्त मुख्य सचिव, वन एवं जैव विविधता.	सदस्य
4.	प्रमुख सचिव, जल संसाधन	सदस्य
5.	प्रमुख सचिव, किसान कल्याण एवं कृषि विकास.	सदस्य
6.	प्रमुख सचिव, ग्रामीण विकास	सदस्य
7.	प्रमुख सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास.	सदस्य
8.	प्रमुख सचिव, आवास एवं पर्यावरण	सदस्य
9.	सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण.	सदस्य
10.	सचिव, ऊर्जा	सदस्य
11.	असिस्टेंट कंट्री डायरेक्टर, यू.एन.डी.पी., नई दिल्ली.	सदस्य
12.	कार्यपालन संचालक, (एप्को-यू.एन.डी.पी. परियोजना संचालक).	सदस्य संयोजक.

(2) समिति का उद्देश्य परियोजना में अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित करना, नीतिगत, मार्गदर्शन प्रदान करना एवं परियोजना की समीक्षा करना है. समिति की बैठक प्रत्येक 6 माह में एक बार होगी.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. डी. साहू, अपर सचिव.

भोपाल, दिनांक 22 जनवरी 2010

क्र. ई. 5-801-आयएएस-लीव-5-1.—(1) श्री जी. पी. श्रीवास्तव, आयएएस., सचिव, राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर को लघुकृत अवकाश निम्नानुसार स्वीकृत किया जाता है :—

1. दिनांक 5 से 31 अक्टूबर 2009 तक, सत्ताईस दिन (लघुकृत अवकाश).
2. दिनांक 16 से 27 नवम्बर 2009 तक, बारह दिन (लघुकृत अवकाश).

(2) अवकाश से लौटने पर श्री जी. पी. श्रीवास्तव को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न सचिव, राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री जी. पी. श्रीवास्तव को अवकाश, वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री जी. पी. श्रीवास्तव, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 23 जनवरी 2010

क्र. ई. 5-779-आयएएस-लीव-पांच-1.—(1) श्री रामकिंकर गुप्ता, आयएएस., सचिव, लोक सेवा आयोग, इन्दौर को इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 10 दिसम्बर 2009 द्वारा दिनांक 14 से 26 दिसम्बर 2009 तक, तेरह दिन के स्वीकृत अर्जित अवकाश में आंशिक संशोधन करते हुये, अब उन्हें दिनांक 21 से 26 दिसम्बर 2009 तक छ: दिन का अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 19, 20 एवं 27, 28 दिसम्बर 2009 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 10 दिसम्बर 2009 की शेष कंडिकायें यथावत रहेंगी.

भोपाल, दिनांक 25 जनवरी 2010

क्र. ई. 5-409-आयएएस-लीव-एक-5.—श्री एस. आर. मोहन्ती, आयएएस, सचिव मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग को इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 23 दिसम्बर 2009 द्वारा दिनांक 15 से 25 जनवरी 2010 तक, ग्यारह दिन के स्वीकृत एक्स इंडिया अर्जित अवकाश का उपभोग नहीं किये जाने के कारण एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
व्ही. एस. सावनेर, अवर सचिव.

भोपाल, दिनांक 13 जनवरी 2010

क्र. एफ-3-9-2009-एक-4.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, संलग्न परिशिष्ट में दर्शाये गये पंचायत मतदान हेतु क्रमश: सोमवार, दिनांक 18 जनवरी 2010, गुरुवार दिनांक 21 जनवरी 2010 तथा रविवार दिनांक 24 जनवरी 2010 को संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के लिये सामान्य अवकाश तथा पराक्राम्य लिखत अधिनियम (निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट एक्ट) 1881(1881 का क्रमांक 26) की धारा-25 के अंतर्गत सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. डी. साहू, अपर सचिव.

परिशिष्ट

पंचायत आम निर्वाचन 2009

मतदान हेतु जिले की त्रि-स्तरीय पंचायतों की विकासखण्ड एवं चरणवार जानकारी

क्र	जिला	प्रथम चरण		द्वितीय चरण		तृतीय चरण	
		क्र.	विकासखण्ड/ जनपद पंचायत का नाम	क्र.	विकासखण्ड/ जनपद पंचायत का नाम	क्र.	विकासखण्ड/ जनपद पंचायत का नाम
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
1	मुरैना	1	मुरैना	1	जौरा	1	कैलारस
		2	पोरसा	2	पहाड़गढ़	2	सबलगढ़
		3	अम्बाह				

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
2	श्योपुर	4	श्योपुर	3	विजयपुर	3	कराहल
3	भिण्ड	5	लहार	4	गोहद	4	भिण्ड
		6	रौन (मिहोना)	5	मोहगांव	5	अटेर
4	ग्वालियर	7	डबरा	6	भितरवार	6	मुरार
						7	घाटीगांव (बर्रई)
5	शिवपुरी	8	पिछोर	7	कोलारस	8	शिवपुरी
		9	खनियाधाना	8	बदरवास	9	करेरा
				9	पोहरी	10	नरवर
6	दतिया	10	दतिया	10	सेवढ़ा	11	भाण्डेर
7	गुना	11	गुना	11	बमोरी	12	चांचोड़ा
		12	आरोन	12	राघोगढ़		
8	अशोक नगर	13	ईसागढ़	13	मुंगावली	13	अशोकनगर
		14	चन्देरी				
9	मन्दसौर	15	गरोठ	14	मल्हारगढ़	14	मन्दसौर
		16	भानपुरा	15	सीतामउ		
10	नीमच	17	नीमच	16	जावद	15	मनासा
11	रतलाम	18	रतलाम	17	जावरा	16	सैलाना
		19	पिपलौदा	18	आलोट	17	बाजना
12	शाजापुर	20	शाजापुर	19	कालापीपल	18	शुजालपुर
		21	मोमन बड़ोदिया	20	बड़ोद	19	आगर
				21	नलखेड़ा	20	सुसनेर
13	उज्जैन	22	उज्जैन	22	महिदपुर	21	बड़नगर
		23	तराना	23	घटिया	22	खाचरोद
14	देवास	24	देवास			23	बागली
		25	सोनकच्छ			24	कन्नोद
		26	टोंकखुर्द			25	खातेगांव
15	राजगढ़	27	नरसिंहगढ़	24	ब्यावरा	26	राजगढ़
		28	सारंगपुर	25	जीरापुर	27	खिलचीपुर
16	सीहोर	29	सीहोर	26	आष्टा	28	बुदनी
		30	इछावर			29	नसरुल्लागंज
17	विदिशा	31	विदिशा	27	सिरोंज	30	बासौदा
		32	ग्यारसपुर	28	नटेरन	31	कुरवाई
		33	लटेरी				
18.	भोपाल	34	फन्दा	29	बेरसिया		
19	रायसेन	35	सांची	30	सिलवानी	32	बाड़ी
		36	गैरतगंज	31	उदयपुरा	33	औबेदुल्लागंज
		37	बेगमगंज				
20	बैतूल	38	बैतूल	32	चिचोली	34	आमला
		39	घोड़ाडोंगरी	33	मुलताई	35	भीमपुर
		40	प्रभातपट्टन	34	शाहपुर	36	आठनेर
		41	भैंसदेही				

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
21	होशंगाबाद	42	बनखेड़ी	35	सोहागपुर	37	सिवनीमालवा
		43	पिपरिया	36	बाबई	38	होशंगाबाद
		44		37	केसला		
22	हरदा	45	हरदा	38	टिमरनी	39	खिरकिया
23	झाबुआ	46	झाबुआ	39	पेटलावद	40	थांदला
		47	रानापुर	40	रामा	41	मेघनगर
24	अलीराजपुर	48	उदयगढ़	41	भाभरा	42	अलीराजपुर
		49	जोबट	42	कट्ठीवाड़ा	43	सोण्डवा
25	इन्दौर	50	देपालपुर	43	इन्दौर	44	सांवेर
				44	अम्बेडकर नगर (महू)		
26	धार	51	धार	45	मनावर	45	बाग
		52	नालछा	46	गंधवानी	46	कुक्षी
		53	तिरला	47	उमरवन	47	डही
		54	सरदारपुर	48	धरमपुरी	48	निसरपुर
		55	बदनावर				
27	खरगौन	56	खरगौन	49	कसरावद	49	महेश्वर
		57	गोगावा	50	भीकनगांव	50	बड़वाह
		58	सेगावा	51	झिरन्या		
		59	भगवानपुरा				
28	बड़वानी	60	बड़वानी	52	राजपुर	51	सेंधवा
		61	पाटी	53	ठीकरी	52	निवाली
						53	पानसेमल
29	खण्डवा	62	खण्डवा	54	पंधाना	54	हरसूद
		63	पुनासा	55	छैगांवमाखन	55	बलड़ी
						56	खालवा
30	बुरहानपुर	64	बुरहानपुर	56	खकनार		
31	टीकमगढ़	65	टीकमगढ़	57	जतारा	57	पृथ्वीपुर
		66	बल्देवगढ़	58	पलेरा	58	निवाड़ी
32	छतरपुर	67	बिजावर	59	छतरपुर (ईशानगर)	59	नौगांव
		68	बड़ामलहरा	60	राजनगर	60	लौड़ी
		69	बक्सवाहा			61	बारीगढ़ (गौरीहार)
33	पन्ना	70	पन्ना	61	शाहनगर	62	गुनौर
		71	अजयगढ़			63	पवई
34	सागर	72	बीना	62	सागर	64	रहली
		73	खुरई	63	मालथौन	65	देवरी
		74	राहतगढ़	64	शाहगढ़	66	बण्डा
		75	जैसीनगर	65	केसली		
35	दमोह	76	दमोह	66	जबेरा	37	हटा
		77	पथरिया	67	तेंदूखेड़ा	68	पटेरा
						69	बटियागढ़

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
36	जबलपुर	78	कुण्डम	68	पनागर	70	जबलपुर
		79	पाटन	69	मझौली	71	शहपुरा
		80	सिहोरा				
37	कटनी	81	रीठी	70	कटनी	72	बड़वारा
		82	बहोरीबंद	71	ढीमरखेड़ा	73	विजयराघोगढ़
38	नरसिंहपुर	83	नरसिंहपुर	72	करेली	74	चीचली
		84	गोटेगांव	73	चावरपाठा	75	साईखेड़ा
39	छिंदवाड़ा	85	छिंदवाड़ा	74	तामिया	76	सौंसर
		86	मोहखेड़	75	हर्रई	77	पांढुरना
		87	जुन्नारदेव	76	चौरई	78	अमरवाड़ा
		88	परासिया	77	बिछुआ		
40	सिवनी	89	केवलारी	78	लखनादौन	79	सिवनी
		90	कुरई	79	धनोरा	80	बरघाट
		91	घंसौर			81	छपारा
41	मण्डला	91	मण्डला	80	बिछिया	82	निवास
		92	मोहगांव	81	नैनपुर	83	नारायणगंज
		93	घुघरी	82	मवई	84	बीजाडांडी
42	डिण्डोरी	94	डिण्डोरी	83	बजाग	85	अमरपुर
		95	समनापुर	84	करंजिया	86	शहपुरा
						87	मेहंदवानी
43	बालाघाट	96	किरनापुर	85	बालाघाट	88	वारासिवनी
		97	लांजी	86	लालबर्रा	89	कटंगी
		98	बिरसा	87	बैहर	90	खेरलांजी
				88	परसवाड़ा		
44	रीवा	99	रीवा	89	हनुमना	91	सिरमौर
		100	रायपुर कुर्चुलियां	90	नईगढ़ी	92	जवां
		101	मऊगंज	91	गंगेव	93	त्योंथर
45	सतना	102	सोहावल	92	मझगवां	94	अमरपाटन
		103	नागौद	93	मैहर	95	रामपुरबघेलान
		104	रामनगर			96	उचेहरा
46	शहडोल	105	ब्योहारी	94	सोहागपुर	97	बुढ़ार
		106	जयसिंहनगर	95	गोहपारू		
47	अनूपपुर	107	पुष्पराजगढ़	96	कोतमा	98	जैतहरी
				97	अनूपपुर		
48	उमरिया	108	करकेली	98	मानपुर	99	पाली
49	सीधी	109	रामपुरनैकिन	99	सिंहावल	100	सीधी
		110	मझौली	100	कुसमी		
50	सिंगरौली	111	चितरंगी	101	बैढ़न	101	देवसर
	योग	111		101		101	

श्रम विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 21 जनवरी 2010

क्र. एफ. 6-3-09-ए-सोलह.—लखानी फुट केयर प्रायवेट लिमिटेड, इंदौर के सेवानियुक्त जिनका प्रतिनिधित्व कारखाना मजदूर संगठन (एटक) इंदौर द्वारा किया जा रहा है एवं सेवानियोजक, महाप्रबंधक/कारखाना प्रबंधक, लखानी फुट केयर प्रायवेट लिमिटेड, इंदौर के मध्य औद्योगिक विवाद उत्पन्न है.

और, चूंकि, राज्य शासन को यह संतुष्टि हो चुकी है कि औद्योगिक विवाद विद्यमान है एवं उक्त विवाद को औद्योगिक न्यायालय को पंचनिर्णयार्थ संदर्भ किये जाने के अतिरिक्त अन्य किसी तरीके से हल संभवनीय नहीं है,

अतएंव, अब, मध्यप्रदेश औद्योगिक संबंध अधिनियम, 1960 (क्र. 27 सन् 1960) की धारा 51 की उपधारा (अ) में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये, राज्य शासन, एतद्द्वारा उक्त विवाद को अनुसूची में निर्दिष्ट विवरण में निहित विषयों के अनुरूप औद्योगिक न्यायालय, मध्यप्रदेश, इंदौर को पंचनिर्णयार्थ संदर्भित करता है.

अनुसूची

क्या संस्थान में कार्यरत श्रमिकों/कर्मचारियों को वर्तमान में मिल रहे वेतन में वृद्धि कर श्रेणीवार वार्षिक वेतनवृद्धि दिये जाने का औचित्य है? यदि हां तो उसकी क्या योजना होनी चाहिये?

2. क्या श्रमिकों/कर्मचारियों को परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता, आवास भत्ता, शिक्षा भत्ता एवं धुलाई भत्ता दिये जाने का औचित्य है? यदि हां तो उसकी क्या योजना होनी चाहिये?

3. क्या कार्यरत श्रमिकों/कर्मचारियों को वर्ष में एक जोड़ी यूनिफार्म व शूज दिये जाने का औचित्य है?

एवं उपरोक्त मांगों के संबंध में नियोजक को क्या निर्देश दिये जाने चाहिये?

क्र. एफ. 6-3-09-ए-सोलह.—मध्यप्रदेश औद्योगिक संबंध अधिनियम 1960 (27 सन् 1960) की धारा 43 की उपधारा (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, यह अधिसूचित करता है कि इंदौर के स्थानीय समाधानकर्ता (कंसीलियेटर) को निर्दिष्ट कारखाना मजदूर संगठन इंदौर (एटक) एवं लखानी फुट केयर प्रायवेट लिमिटेड इंदौर के मध्य औद्योगिक विवाद में सम्मिलित और नीचे दी गई अनुसूची में उल्लेखित औद्योगिक विषयों के संबंध में कोई समझौता नहीं हो सका.

अनुसूची

औद्योगिक विवाद क्रमांक 1/एम. पी. आई. आर./09

No. F-6-3-09-A-XVI.—In exercise of the powers conferred by Sub section (5) of section 43 of the Madhya Pradesh Industrial Relation Act, 1960 (27 of 1960) the State Government hereby notify that no settlement was arrived at in the Industrial Dispute between Karkhana Mazdoor Sanghthan, Indore (AITUC) and lakhani Footcare Pvt. Ltd. Indore in regard to the Industrial matter included therein and specified in the Schedule below reffered to the Conciliator for the Local area of Indore.

SCHEDULE

Industrial Dispute No. 1/MPIR/09.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
डी. पी. सिंह, उपसचिव.

पशुपालन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 22 जनवरी 2010

क्र. एफ. 23-15-2007-पैंतीस.—भारतीय पशु चिकित्सा परिषद अधिनियम 1984 (1894 का सं. 52) की धारा 32 की उपधारा (1) के खण्ड (ग) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा निम्नलिखित पशु चिकित्सकों (वेटेनरी डॉक्टर) को पशु चिकित्सा परिषद, मध्यप्रदेश के सदस्यों के रूप में नाम निर्दिष्ट करती है, अर्थात् :—

1.	डॉ. बी. के. दबे	एल.-197, भारती निकेतन, चेतक ब्रिज के पास, गोविन्दपुरा, भोपाल.
2.	डॉ. अनिल शर्मा	ई 109/07, शिवाजी नगरं, भोपाल
3.	डॉ. विनोद देशमुख	पशु चिकित्सालय, हथाईखेड़ा, भोपाल.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मनोज गोयल, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 22 जनवरी 2009

क्र. एफ-23-15-2007-पैंतीस.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्र. एफ-23-15-2007-पैंतीस, दिनांक 22 जनवरी 2010 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. के. शर्मा, अवर सचिव.

Bhopal, the 22nd January 2010

No. F-23-15-2007-XXXV.—In exercise of the powers conferred by clause (c) of sub-section (1) of Section 32 of the Indian Veterinary Council ACT 1984 (No. 52 of 1984), the State Government hereby nominate the following Veterinary Doctors as members of Veterinary Council Madhya Pradesh, namely :—

1.	Dr. B. K. Dave	L/197, Bharti Niketan, Near Chetak Bridge, Govindpura, Bhopal
2.	Dr. Anil Sharma	E 109/07 Shivaji Nagar, Bhopal
3.	Dr. Vinod Deshmukh	Govt. Veterinary Hospital, Hataikheda, Bhopal.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
MANOJ GOYAL, Principal Secy.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 27 जनवरी 2010

फा. क्र. 1(बी)1-05-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 31 अगस्त 2005 द्वारा नियुक्त निम्न शासकीय अभिभाषक/लोक अभियोजक/अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक/अतिरिक्त लोक अभियोजक, सागर के कार्यालय में कार्यकाल समाप्त होने के दिनांक 1 सितम्बर 09 से कार्यकाल में तीन वर्ष की वृद्धि करता है. यह वृद्धि इस शर्त के अधीन है कि यह नियुक्ति एक माह का सूचना-पत्र देकर बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकेगी.

1. श्री राजेश त्रिवेदी, शासकीय अभिभाषक/लोक अभियोजक, सागर, दिनांक 1 सितम्बर 2009 से 31 अगस्त 2012 तक.
2. श्री रूप सिंह यादव, अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक/ अतिरिक्त लोक अभियोजक, सागर, दिनांक 1 सितम्बर 2009 से 31 अगस्त 2012 तक.
3. श्री गोविन्द सिंह ठाकुर, अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक/ अतिरिक्त लोक अभियोजक, सागर, दिनांक 1 सितम्बर 2009 से 31 अगस्त 2012 तक.
4. श्री एम. डी. अवस्थी, अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक/ अतिरिक्त लोक अभियोजक, सागर, दिनांक 1 सितम्बर 2009 से 31 अगस्त 2012 तक.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. जे. खान, सचिव.

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 28 जनवरी 2010

क्र. डी-5-56-04-चौदह-3.—मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1972 (क्रमांक 24 सन् 1973) की धारा 57-क द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य शासन, एतद्द्वारा कृषि उपज मंडी समितियों के कार्यकाल की अवधि छः माह से कम रहने के कारण निम्नलिखित कृषि उपज मण्डी समितियों के उप निर्वाचन मण्डी समितियों के सामान्य निर्वाचन तक की कालावधि के लिये स्थगित करता है :—

1. कृषि उपज मण्डी समिति, भिण्ड, जिला भिण्ड
2. कृषि उपज मण्डी समिति, शाढ़ोरा, जिला अशोकनगर
3. कृषि उपज मण्डी समिति, हरदा, जिला हरदा
4. कृषि उपज मण्डी समिति, पोहरी, जिला शिवपुरी
5. कृषि उपज मण्डी समिति, श्यामपुर, जिला सीहोर
6. कृषि उपज मण्डी समिति, पोरसा, जिला मुरैना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. एस. बघेल, अपर सचिव.

भोपाल, दिनांक 28 जनवरी 2010

क्र. डी-5-56-04-चौदह-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना, दिनांक 28 जनवरी 2010 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. एस. बघेल, अपर सचिव.

Bhopal, the 28th January 2010

No. D-5-56-04-XIV-3.—In exercise of the powers conferred by Section 57-A of the Madhya Pradesh Krishi Upaj Mandi Adhiniyam, 1972 (24 of 1973), the State Government, postpone the by-election of the following Market Committees due to remaining term of less than six months from general election, upto the period of forthcoming general election (Mandi) :—

1. Mandi Committee, Bhind, District Bhind
2. Mandi Committee, Shadora, District Ashok Nagar
3. Mandi Committee, Harda, District Harda
4. Mandi Committee, Pohari, District Shivpuri
5. Mandi Committee, Shyampur, District Sehore
6. Mandi Committee, Porsa, District Morena

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
B. S. BAGHEL, Addl. Secy.

संस्कृति विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 21 जनवरी 2010

क्र. एफ-11-4-2005-तीस.—राज्य शासन द्वारा नीचे दी गई अनुसूची में निर्दिष्ट किये गये प्राचीन स्मारक को राज्य शासन द्वारा संरक्षित स्मारक के रूप में घोषित करने के राज्य सरकार के आशय के संबंध में आपत्तियां आमंत्रित करते हुये, मध्यप्रदेश एन्शीयेन्ट मान्युमेन्टस एण्ड आर्क्योलॉजीकल साइट्स एण्ड रिमेन्स एक्ट, 1964 की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन मध्यप्रदेश के राजपत्र में समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 6 जनवरी 2006 को प्रकाशित की गई थी और चूंकि उस निमित्त कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है.

अतएव, मध्यप्रदेश एन्शीयेन्ट मान्युमेन्टस एण्ड आर्क्योलॉजीकल साइट्स एण्ड रिमेन्स एक्ट, 1964 (क्रमांक 12 सन् 1964) की धारा 3 की उपधारा (1) एवं धारा 16 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार, एतद्द्वारा उक्त प्राचीन स्मारक को राज्य संरक्षित स्मारक के रूप में घोषित करता है.

अतएव, राज्य शासन मध्यप्रदेश प्राचीन स्मारक पुरातत्वीय स्थल तथा अवशेष अधिनियम, 1976 के नियम 28 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, एतदद्वारा प्रदेश के समस्त राज्य शासन संरक्षित स्मारकों के समीप और पार्श्व क्षेत्र में संरक्षित सीमा से 100 मीटर तक और उससे परे 200 मीटर तक के क्षेत्र को खनन और निर्माण दोनों प्रयोजनों के लिये प्रतिबंधित और विनियमित क्षेत्र घोषित करता है:—

राज्य	जिला	तहसील	स्थानीय क्षेत्र	स्मारक का नाम	राज्यस्तरीय क्षेत्र जो संरक्षण में सम्मिलित होना है	क्षेत्र सीमांक (हेक्टयर)	स्वामित्व	धार्मिक पूजा के अधीन है अथवा नहीं.
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
मध्यप्रदेश	टीकमगढ़	निमाड़ी	ओरछा	अडवारा पुल	801 रास्ता	0.166	म. प्र. शासन	नहीं
मध्यप्रदेश	टीकमगढ़	निमाड़ी	ओरछा	सुंदरशाह का महल	304	0.257	म. प्र. शासन	नहीं
मध्यप्रदेश	टीकमगढ़	निमाड़ी	ओरछा	नौने जू की हवेली	637	0.053	म. प्र. शासन	नहीं
मध्यप्रदेश	टीकमगढ़	निमाड़ी	ओरछा	फसियाने की हवेली	557/1/3अ	1.214	रामचरण तनय भुजबल लोधी इत्यादि.	नहीं
मध्यप्रदेश	टीकमगढ़	निमाड़ी	ओरछा	जुझार सिंह का महल	466 0405 आबादी पुरातत्व विभाग	2.663	म. प्र. शासन	नहीं
मध्यप्रदेश	टीकमगढ़	निमाड़ी	ओरछा	तोपची का हवेली	733/6	100	म. प्र. शासन	नहीं
मध्यप्रदेश	टीकमगढ़	निमाड़ी	ओरछा	गुसाई का मठ	468/2	1.339	म. प्र. शासन	नहीं
मध्यप्रदेश	टीकमगढ़	निमाड़ी	ओरछा	हाथी साव का महल	455/15	10.131	म. प्र. शासन	नहीं
मध्यप्रदेश	टीकमगढ़	निमाड़ी	ओरछा	सुपारी साव का महल	455/15	10.131	म. प्र. शासन	नहीं
मध्यप्रदेश	टीकमगढ़	निमाड़ी	ओरछा	भगवंतराव की हवेली	455/15	10.131	म. प्र. शासन	नहीं
मध्यप्रदेश	टीकमगढ़	निमाड़ी	ओरछा	पं. हरिराव व्यास की हवेली.	455/15	10.131	म. प्र. शासन	नहीं

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

वीना वर्मा, उपसचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 22 जनवरी 2010

फा. क्र. 17(ई)83-03-इक्कीस-ब (एक).—विद्युत् अधिनियम, 2003 (2003 का संख्यांक 36) की धारा 153 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की सहमति से, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक फा. क्र. 17(ई)83-03-इक्कीस-ब (एक), दिनांक 6 अक्टूबर, 2009 में जो मध्यप्रदेश राजपत्र भाग-1, दिनांक 16 अक्टूबर, 2009 में प्रकाशित हुई थी, निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, अनुसूची में, अनुक्रमांक 39, 47, 72 और 94 तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात् :—

अनु-क्रमांक	सिविल जिले का नाम	विशेष न्यायालय का नाम	विशेष न्यायालय के न्यायाधीश का नाम
(1)	(2)	(3)	(4)
"39	हरदा	प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, हरदा के अतिरिक्त न्यायाधीश	श्री संजय कुमार जैन (सीनियर), प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, हरदा के अतिरिक्त न्यायाधीश.
47	जबलपुर	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, विशेष न्यायालय क्रमांक 8, जबलपुर.	श्री राजीव कुमार सिंह, सप्तम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश जबलपुर.
72	रतलाम	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट) जावरा.	श्री महेन्द्र कुमार जैन, द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट), जावरा.
94	शिवपुरी	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, पिछोर.	श्री देवराज बोहरे, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, पिछोर."

F. No. 17(E)83-03-XXI-B(One).—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 153 of Electricity Act, 2003 (No. 36 of 2003), the State Government, with the concurrence of the High Court of Madhya Pradesh, hereby makes the following amendments in this Department's Notification F. No. 17(E)83-03-XXI-B(1), dated 6th October 2009, which was published in the Madhya Pradesh Gazette Part1 dated 16th October 2009, namely :—

AMENDMENTS

In the said notification, in the Schedule, for serial numbers 39, 47, 72 and 94 and entries relating thereto, the following serial numbers and entries relating thereto shall be substituted, namely :—

S.No.	Name of Civil District	Name of Special Court	Name of the Judge of the Special Court
(1)	(2)	(3)	(4)
"39	Harda	Additional Judge to the Court of 1st Additional Sessions Judge Harda.	Shri Sanjay Kumar Jain (Sr.), Additional Judge to the Court of 1st Additional Sessions judge, Harda.
47	Jabalpur	Additional Sessions Judge Special Court No.8, Jabalpur	Shri Rajeev Kumar Singh, VIIth Additional Sessions Judge, Jabalpur.
72	Ratlam	Additional Sessions Judge (Fast Track Court) Jaora	Shri Mahendra Kumar Jain, IInd Additional Sessions Judge, (Fast Track Court) Jaora
94	Shivpuri	Additional Sessions Judge Pichhore	Shri Devraj Bohre Additional Sessions Judge, Pichhore.".

फा. क्र. 17(ई)83-03-इक्कीस-ब (एक).—विद्युत् अधिनियम, 2003 (2003 का संख्यांक 36) की धारा 153 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक फा. क्र. 17(ई)83-03-इक्कीस-

ब (एक), दिनांक 6 अक्टूबर, 2009 में, जो मध्यप्रदेश राजपत्र भाग-1, दिनांक 16 अक्टूबर, 2009 में प्रकाशित हुई थी, निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, अनुसूची में, अनुक्रमांक 39, 47, 72 और 94 तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात् :—

अनु-क्रमांक (1)	सिविल जिले का नाम (2)	विशेष न्यायालय का नाम (3)	विशेष न्यायालय की प्रादेशिक अधिकारिता (विद्युत् क्षेत्र के अनुसार) (4)
"39	हरदा	प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश हरदा के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश	सिविल जिला हरदा का विद्युत क्षेत्र
47	जबलपुर	*अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, विशेष न्यायालय क्रमांक 8, जबलपुर.	जबलपुर पश्चिम संभाग के ग्रामीण क्षेत्र का विद्युत क्षेत्र.
72	रतलाम	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, (फास्ट ट्रेक कोर्ट) जावरा.	जावरा, आलोट और सेलाना का विद्युत क्षेत्र
94	शिवपुरी	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, पिछोर	पिछोर और खनियाधाना का विद्युत क्षेत्र.".

टिप्पणी.—(1) विशेष न्यायालय में लंबित मामले उनकी क्षेत्रीय अधिकारिता के अनुसार नवीन गठित न्यायालय में अंतरित हो जायेंगे.

(2) *विशेष न्यायालय का वित्तीय भार ऊर्जा विभाग द्वारा वहन किया जायेगा.

F. No. 17(E)83-03-XXI-B(1).—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 153 of Electricity Act, 2003 (No. 36 of 2003), the State Government, hereby makes the following amendments in this Department's Notification F. No. 17(E)83-03-XXI-B(1), dated 6th October 2009, which was published in the Madhya Pradesh Gazette Part 1, dated 16th October 2009, namely :—

AMENDMENTS

In the said notification, in the Schedule, for serial numbers 39, 47, 72 and 94 and entries relating thereto, the following serial numbers and entries relating thereto shall be substituted, namely :—

S.No. (1)	Name of Civil District (2)	Special Court (3)	Territorial Jurisdiction of Special Court (According to the Electricity Area) (4)
"39	Harda	Additional Judge, to the Court of 1st Additional Sessions Judge Harda.	Electricity area of Civil District, Harda
47	Jabalpur	*Additional Sessions Judge Special Court of No.8, Jabalpur.	Electricity area of West Division Rural area of Jabalpur.
72	Ratlam	Additional Sessions Judge, (Fast Track Court) Jaora.	Electricity area of Jaora, Alot and Sailana
94	Shivpuri	Additional Sessions Judge, Pichhore.	Electricity area of Pichhore and Khaniyadhana.".

Note:—(1) The pending cases of the Special Court be stand transferred to the newly constituted court according to their territorial jurisdiction.

(2) *Financial burden of the Special Court shall be borne by the Energy Department.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एन. के. गुप्ता, प्रमुख सचिव.

राज्य शासन के आदेश

राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर, जिला सागर, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

सागर, दिनांक 7 जनवरी 2010

क्र. क-145-भू-अर्जन-2009.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसमें संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के अनुबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन					धारा 4(2) के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	क्षेत्रफल			
			खसरा नं.	रकबा (हे. में)		
(1)	(2)	(3)	(4)		(5)	(6)
सागर	बीना	महूटा	37/1	1.01	अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी, बीना.	भारत ओमान रिफायनरी लिमिटेड की जल प्रदाय योजना हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण, अनुविभागीय अधिकारी, बीना के कार्यालय में किया जा सकता है.

क्र. क-प्र.भू-अर्जन-2009-10.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसमें नीचे दी गई अनुसूची के सामने खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में इसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यक है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा अनुसूची के खाने (6) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त अधिभूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) में दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन					धारा 4(2) के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल			
			खसरा नं.	कुल रकबा (हे. में)		
(1)	(2)	(3)	(4)		(5)	(6)
सागर	बंडा	जगथर	1165	0.12	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग क्र. 2, सागर.	जगथर जलाशय की नहर निर्माण हेतु.

(2) सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन जिसके लिए आवश्यक है—जगथर जलाशय की नहर निर्माण हेतु.

(3) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण, अनुविभागीय अधिकारी, बंडा के कार्यालय में किया जा सकता है.

क्र. क-प्र.भू-अर्जन-147-2009-10.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसमें नीचे दी गई अनुसूची के सामने खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में इसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यक है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा अनुसूची के खाने (6) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त अधिभूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) में दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन					धारा 4(2) के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल			
			खसरा नं.	कुल रकबा (हे. में)		
(1)	(2)	(3)	(4)		(5)	(6)
सागर	बंडा	जमुनिया	1	0.09	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग क्र. 2, सागर.	जगथर जलाशय की नहर निर्माण हेतु.

(2) सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन जिसके लिए आवश्यक है—जगथर जलाशय की नहर निर्माण हेतु.

(3) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण, अनुविभागीय अधिकारी, बंडा के कार्यालय में किया जा सकता है.

सागर, दिनांक 22 जनवरी 2010

प्र.क्र.-1अ-82 वर्ष-2009-10.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसमें संलग्न की गई अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में इसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) में दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन					धारा 4(2) के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल			
			खसरा नं.	कुल रकबा (हे. में)		
(1)	(2)	(3)	(4)		(5)	(6)
